# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/1856
दिनांक : 03.08.2019

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष/प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव के संलग्न पत्र संख्या ई–5384/जी0एस0/2019 दिनांक 02 अगस्त, 2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय परिसर में वातावरण को स्वच्छ एवं मनोहारी बनाने के दृष्टिगत परिसर में अधिकाधिक वृक्षारोपण कराये जाने तथा वृक्षारोपण में पीपल एवं बरगद के पेंडों को वरीयता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि आज दिनांक 03.08.2019 तक किये गये वृक्षारोपण की सूचना ई मेल registrar@ccsuniversity.ac.in के माध्यम से तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

3-8-19
कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. वैयक्तिक सहायक–कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0 / 1955
दिनांक : 03.08.2019

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / सचिव
सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय / महोदया,

कृपया श्री श्रवण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के संलग्न पत्रांक सं0 –1535 / सत्तर–3–2019–08(21) / 2018 दिनांक 31 जुलाई, 2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो वर्ष 2019–20 में उच्च शिक्षा विभाग हेतु निर्धारित 08 लाख वृक्षों के रोपण हेतु कार्य योजना बनाये जाने के सम्बन्ध में है। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार अवगत कराना है कि आप अपने महाविद्यालय / संस्थान में कम से कम 50 पौधें अथवा महाविद्यालय परिसर में रिक्त भूमि पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करायें। पौधों की प्रजातिवार संख्या 15 अगस्त, 2019 तक विश्वविद्यालय की ई मेल registrar@ccsuniversity.ac.in एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। वृक्षों की प्रजाति में पीपल व बरगद प्रजाति को वरीयता दी जाए। यह कार्य उत्तर प्रदेश शासन की शीर्ष प्राथमिकता के कार्यक्रम में है।

<u>संलग्नक</u> : यथोपरि।

भवदीय,

3-8-19

कुलसचिव

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1. वैयक्तिक सहायक–कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव